जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 145
दिनांक 11.09.2019

जनेकृविवि के छात्र राज सोनी बने मिस्टर एशिया

जबलपुर, 11 सितम्बर। उज्जैन के पाँच सितारा होटल मेघदूत रिसार्ट में मॉडलिंग फिल्मस् एण्ड डाँस फेडरेशन द्वारा आयोजित सीजन–8 के अन्तर्गत ''मिस एशिया एवं मिस्टर एशिया'' प्रतियोगिता में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के उद्यान शास्त्र विभाग में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र राज सोनी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये प्रथम स्थान अर्जित किया, जिसके चलते उन्हें मिस्टर एशिया अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें 30 हजार रूपये की नकद राशि, एक लाख रूपये का एशिया ट्रिप सहित प्रतिष्ठित कंपनी के ब्रांड एम्बेसडर कान्ट्रेट प्रदान किया जायगा। उक्त प्रतियोगिता में एशिया के प्रमुख 21 शहरों से 75 से अधिक युवाओं का चयन किया गया।

मिस्टर एशिया बने राज सोनी की इस उपलब्धि ने देश के सर्वश्रेष्ठ जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय एवं मध्यप्रदेश को न केवल भारतवर्ष अपितू समूचे एशिया महाद्वीप में गौरान्वित किया है।

कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने राज सोनी की इस उपलब्धि को अप्रतिम निरूपित करते हुए इसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ''फिट इंडिया आव्हान'' के तहत् जनेकृविवि परिवार विशेषकर छात्र–छात्राओं का फिटनेस की ओर बढ़ते रूझान से ''फिट इंडिया'' में ''फिट जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय'' की परिकल्पना को साकार करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बतलाया है।

कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, कुलसचिव श्री अशोक कुमार इंगले, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. पी.के मिश्रा, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. (श्रीमती) ओम गुप्ता, संचालक शिक्षण डॉ एस.डी. उपाध्याय, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. आर.एम. साहू, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय डॉ. आर.के नेमा, नवनियुक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा सहित सभी वैज्ञानिकों, प्राध्यापकों ने मिस्टर एशिया बने राज सोनी को हार्दिक बधाईयां प्रेषित कर हौंसला अफजाई की। राज सोनी को मिस्टर एशिया के खिताब से विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं में हर्षोउल्लास व्याप्त है।